# विभागीय कानूनगो परीक्षा- फरवरी 2022

## पेपर संख्या-1 हि. प्र. भू. अभिलेख नियमावली।

**नोट: कुल पांच प्रश्न कीजिए। पहला प्रश्न अनिवार्य है सभी प्रश्नों के अंक 20-20 हैं।** **पूर्णांक-100**

**प्रश्न-1.** निम्नलिखित पर प्रकाश डालें।

(क) ई.टी.एस.

(ख) ई. हिम भूमि

(ग) उप महाल

(घ) फर्द कब्ज़ा

(ङ) मुरब्बाबंदी

**(4X5=20)**

**प्रश्न-2.** हि. प्र. भू. अभिलेख नियमावली के अध्याय 13 में वर्णित सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की रोकथाम में कब्ज़ा नाजायज का पता लगाने से लेकर बेदखली तक कानूनगो के क्या कर्त्तव्य है उल्लेख करे। **(20)**

**प्रश्न-3.** निशानदेही देने बारे वितायुक्त (राजस्व) हि. प्र. की क्या हिदायतें हैं यदि शज़रा त्रिभुज प्रणाली द्वारा तैयार किया गया है तो मौका पर निशानदेही कैसे दी जाएगी। **(20)**

**प्रश्न-4.** तकसीम की कार्यवाही में 'नक्शा अ ', 'नक्शा ब' तथा 'नक्शा ज' क्या हैं। तकसीम की कार्यवाही में क्षेत्रीय कानूनगो की क्या जिम्मेदारियां हैं। **(20)**

**प्रश्न-5.** गिरदावरी से संबंधित क्षेत्रीय कानूनगो के क्या कर्त्तव्य हैं । बगीचे व मिश्रित फसलों की गिरदावरी बारे हिमाचल प्रदेश भू. अभिलेख नियमावली में क्या हिदायतें हैं। **(20)**

**प्रश्न-6.** दो बंदोबस्त के मध्य शज़रो को तरमीम करने तथा फ़ील्ड बुक बनाने की प्रक्रिया क्या है उदाहरण सहित स्पष्ट करें। **(20)**

**प्रश्न-7.** जमाबंदी तहरीर करने बारे भू. राजस्व अभिलेख नियमावली में दी गई हिदायतों का विस्तार पूर्वक उल्लेख करें मिसल हकीयत और जमाबन्दी में अंतर भी स्पष्ट करें। **(20)**

**प्रश्न-8.** निम्नलिखित में से किन्ही पांच पर नोट लिखें।

(क) गैर हाज़िर गैर काबिज

(ख) मखफूद-उल-खबरी

(ग) वाजिब-उल-अर्ज

(घ) नक्शा बर्तन

(ङ) लाल किताब

(च) पैमाना हकीयत

(छ) शजरा नस्व

**(4x5=20)**

*हिमाचल प्रदेश सरकार,*
*विभागीय कानूनगो परीक्षा फरवरी, 2022.*

*पेपर नम्बरः–II ( सैटलमैन्ट मैनुअल एंव मसाहत )*

*समयः–3 घण्टे* *कुल अंकः–100*

*नोटः–प्रथम प्रश्न अनिवार्य है। अन्य कोई चार प्रश्न करें। प्रत्येक प्रश्न के 20 अंक है।*

प्रश्नः–01 निम्न पर संक्षिप्त विवरण लिखें :–
(i) रिवाज–ए–आम। (ii) वाजिब उल अर्ज। (iii) शजरा नस्ब। (iv) मुसल्लस बंदी। (v) मौरूसी व गैर मौरूसी मुजारा। (vi) संपदा । (vii) शजरा किश्तवार। (viii) नुक्ता/बिन्दु। (ix) मौका। (x) आबादी देह। (10 x 2 = 20 अंक)

प्रश्नः–02 बंदोबस्त के दौरान अधिकार अभिलेख तैयार करने की पारम्परिक व नवीन विधि का विस्तृत वर्णन करें।
(20 अंक)

प्रश्नः–03

(क) वित्तायुक्त हि0प्र0 द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के दृष्टिगत निशानदेही की प्रकिया का विस्तृत वर्णन करें। निशानदेही की प्रकिया को सम्पूर्ण कब माना जाता है । (10 अंक)

(ख) जिला प्रशासन से राजस्व अभिलेख लेने के पश्चात जिला प्रशासन को वापिस किए जाने तक की बंदोबस्त की समस्त प्रकिया का क्रमवार वर्णन करें। (10 अंक)

प्रश्नः–04

(क) संपदा को परिभाषित करें। संपदा की रचना के मुख्य आधार क्या है। संपदा के विभाजन की सूरत में कौन से अधिकार अभिलेख नवीन उप–सम्पदा के लिए तैहरीर नहीं किए जाते है। आवधिक अभिलेख **(Periodical Record)** एवं स्थायी अभिलेख **(Standing Record)** में अन्तर स्पष्ट करें। (10 अंक)

(ख) आधारभूत रेखा **(Base Line)** किसे कहते है। आधारभूत रेखा को निर्धारित करते समय क्या–क्या सावधानियां बरती जानी चाहिए व इसे कैसे निर्धारित किया जाता है ?
(10 अंक)

प्रश्नः–05

(क) शिस्त क्या होती है तथा यह किस कार्य हेतु व इसे कैसे प्रयोग किया जाता है। शिस्त में किस प्रकार की त्रुटियों की सम्भावना होती है तथा शिस्त की जाँच कैसे की जाती है ?
(12 अंक)

(ख) निम्नलिखित आकृतियों का क्षेत्रफल चित्र सहित लिखें :–
(i) वर्ग। (ii) त्रिकोण। (iii) वृत। (iv) लामपेट। (4 x 2 = 8 अंक)

प्रश्नः–06

(क) भूमि विभाजन की सम्बन्धित नियम/अधिनियम एंव सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के मध्यनजर पूर्ण प्रकिया का विस्तृत वर्णन करें । (15 अंक)

(ख) नक्शा बर्तन को परिभाषित कर इसमें दर्ज भूस्वामियों के अधिकारों का विस्तृत विवरण दें।
(5 अंक)

# हि0 प्र0 कानूनगो विभागीय परीक्षा फरवरी–2022

## पेपर नं0 3 "गणित"

**समयः 3 घण्टे** | **कुल अंकः 100**

**नोटः** 1. निम्न में से कुल 10 प्रश्न करें ।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।

---

**प्रश्न नं0 1** (क) सरल किजिए (10)

$$13-[4-\{3-(5-\overline{6-3})\}]$$

(ख) $\frac{2+2\times2}{2\times2+2}-\frac{\frac{1}{3}\div\frac{1}{3}of\frac{1}{3}}{\frac{1}{3}\div\frac{1}{3}\times\frac{1}{3}}+\left(4-\frac{1}{4}\right)\div\frac{1}{4}$

**प्रश्न नं0 2** (क) 717409 का वर्गमूल ज्ञात करो । (10)

(ख) 3 का वर्गमूल 3 दशमलव स्थानों तक निकालो ।

**प्रश्न नं0 3** (क) सागर नकद भुगतान करने पर एक रूपए पर 25 पैसे कटौती देता है । यदि उसका लाभ $12\frac{1}{2}\%$ हो तो एक वस्तु जिसकी लागत 7 रूपये हो, उसका अंकित मूल्य ज्ञात करो ? (10)

(ख) देवराज ने एक साईकिल 100 रूपये में ली और 20 रूपये मुरम्मत पर खर्च करके उसी साईकिल को 20% लाभ पर बेच दिया तो बताओ उसने साईकिल कितने में बेची ?

**प्रश्न नं0 4** (क) दो संख्याओं के लघुत्तम समापवर्त्य तथा उनके महत्तम समापवर्तक क्रमशः 3003 तथा 21 हैं । यदि एक संख्या 231 है तो दूसरी संख्या क्या होगी ? (10)

(ख) दो संख्याओं का अनुपात 10:7 है और उनका अंतर 105 है तो संख्याओं का योग ज्ञात करो ।

**प्रश्न नं0 5** (क) कितने समय में 6% वार्षिक दर से एक राशि का मिश्रधन उससे दुगना हो जायेगा ? (10)

(ख) किसी राशि पर $6\frac{1}{4}$ वर्ष में ब्याज, राशि का $\frac{3}{8}$ बनता है दर प्रतिशत क्या होगा ?

**प्रश्न नं0 6** एक आयत की लम्बाई तथा चौड़ाई में 16:9 अनुपात है । यदि उसकी चारों भुजाओं का जोड़ 250 सेंटीमीटर हो तो उस आयत का क्षेत्रफल क्या होगा ? (10)

**प्रश्न नं0 7** एक वृत और एक आयत का परिमाप बराबर है आयत की भुजाएं 18 से0मी0 और 26 से0 मी0 है वृत का क्षेत्रफल क्या होगा ? (10)

प्रश्न नं0 8 एक आयताकार खेत का विकर्ण उसकी छोटी भुजा से 60 मी0 अधिक लम्बा है । यदि बड़ी भुजा छोटी भुजा से 30 मी0 अधिक हो तो खेत की भूजाएं ज्ञात कीजिए । (10)

प्रश्न नं0 9 एक आदमी 300 कि0 मी0 की दूरी कुछ रेलगाड़ी द्वारा तथा कुछ कार द्वारा तय करता है । यदि वह 60 कि0मी0 रेलगाड़ी द्वारा तथा शेष कार द्वारा यात्रा करता है तो उसे 4 घण्टे लगते हैं यदि वह 100 कि0मी0 रेलगाड़ी से तथा शेष कार से यात्रा करे तो उसे 10 मिनट अधिक लगते हैं । रेलगाड़ी एवं कार की क्रमशः चाल ज्ञात कीजिए । (10)

प्रश्न नं0 10 राम और मोहन की मासिक आय क्रमशः 2450 रूपये और 1850 रूपये है तो बताईए कि राम की आय मोहन की आय से कितना प्रतिशत अधिक है और मोहन की आय राम की आय से क्रितना प्रतिशत कम है ? (10)

प्रश्न नं0 11 (क) 9 संख्याओं का औसत 12 है । पहली 5 का औसत 12.5 है और अंतिम 5 का 11.5 है । पांचवी संख्या ज्ञात करो । (10)

(ख) 2000 रूपये का 5% वार्षिक दर से 3 वर्ष का चक्रवृद्धि ब्याज ज्ञात करो ।

प्रश्न नं0 12 A एक काम 10 दिन में और B इसी काम को 15 दिन में कर सकते हैं । दोनों ने 2 दिन मिलकर काम किया और A चला गया । अब B शेष काम को कितने दिनों में समाप्त करेगा ? (10)

विभागीय कानूनगो परीक्षा २०२२

प्रशन पत्र-4 अत्र-फरवरी 2022

समय ३ घंटे

पूर्णांक १००

नोट :

1. प्रशन 1 अनिवार्य है ।
2. प्रशन 2 - 7 में से कोई 5 प्रश्नों क उत्तर दें ।

प्रशन 1 : निम्न में से किसी एक शीर्षक पर लगभग 500 शब्दों का निबंध लिखें । व्याकरण व हस्तलिपि के 10 अंक सुरक्षित हैं ।

क ) हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक आपदाएं एवं आपदा प्रबंधन ।

ख ) नशा निवारण हेतु सरकार के प्रयास एवं सुझाव ।

ग ) हिमाचल प्रदेश राहत नियमावली ।

------- 50 अंक

प्रशन 2 : खानगी तकसीम कितनी प्रभावी हो सकती है ? इसके नुकसान क्या हो सकते हैं ?

----- (5,5) अंक

प्रशन 3 :धारा 118, हिमाचल प्रदेश भूमि सुधार एवं मुजारियत अधिनियम 1972 पर रिपोर्ट लिखें।

------- 10 अंक

प्रश्न 4: सरकारी भूमि पर अतिक्रमण रोकने हेतु राजस्व विभाग कैसे प्रभावी कदम उठा सकता है ।

------- 10 अंक

प्रश्न 5 : दुरुस्ती इंद्राज की प्रक्रिया का वर्णन करें ।

------- 10 अंक

प्रश्न 6 : राजस्व अभिलेख कंप्यूटरीकरण से आए बदलाव पर टिप्पणी करें ।

------- 10 अंक

प्रश्न 7 :राजस्व विभाग को प्रगतिशील एवं प्रभावशाली बनाने हेतु सुझाव दें ।

------- 10 अंक